卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 160 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ऊधमसिंहनगर ♦बुधवार ♦18 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

## मिशन 2027 के लिए जुटें कार्यकर्ता: गौतम

### भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री ने कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित



रूद्रपुर। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुटने का आह्वान किया है। नगर निगम सभागार में आयोजित भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन की मजबूती ही विजय का आधार है। कार्यक्रम में पहुँचने पर महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों और पार्टी पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय महामंत्री का जोरदार स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बतौर मुख्य अतिथि कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा कि देश के अन्य हिस्सों की तरह उत्तराखंड में भी पार्टी का विशेष प्रशिक्षण अभियान जारी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बूथ क्षमता को अभेद्य बनाना है। गौतम ने कार्यकर्ताओं को मूल मंत्र देते हुए कहा कि बूथ जीता, तो चुनाव जीता। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी को राजनीतिक क्षेत्र में अजर-अमर बनाने की जिम्मेदारी समर्पित कार्यकर्ताओं के कंधों पर है। इसी लक्ष्य के तहत राज्य में सक्षम बूथ स्तरीय एजेंट तैयार किए जा रहे हैं। उत्तराखंड में पार्टी शत-प्रतिशत बीएलए-प्रथम बना चुकी है और जल्द ही बीएलए-द्वितीय की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यकाल(शेष पृष्ठ सात पर)

## तेज रफ्तार डम्पर ने फाइनेंस कर्मी को कुचला



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर के टीपी नगर चौकी क्षेत्र में मंगलवार रात एक भीषण सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की जान चली गई। खनन सामग्री से लदे एक बेकाबू डम्पर ने युवक को बुरी तरह कुचल दिया, जिससे उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान अनिल रौतेला पुत्र हरीश रौतेला निवासी कैंची धाम तहसील हरतपा के रूप में हुई है। अनिल हल्द्वानी में चोला मंडलम फाइनेंस लिमिटेड में कलेक्शन एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत था। हादसे की सूचना मिलते ही युवक के परिवार में कोहराम मच गया है और माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।मृतक के भाई अर्जुन ने बताया कि मंगलवार रात करीब 9 बजे अनिल घर से टीपी नगर चौकी के पास स्थित एक फास्ट फूड सेंटर पर मोमो खाने गया था। इसी दौरान टीपी नगर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डम्पर संख्या यूए 04 डी 4346 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इस जबरदस्त भिड़ंत में अनिल के पेट और पैर में गंभीर चोटें आईं। लहूलुहान अवस्था में उसे तुरंत सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन कुछ ही घंटों बाद उसने दम तोड़ दिया।(शेष पृष्ठ सात पर)

## पत्नी से अनबन पर पति ने लगा ली फांसी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मंगलवार की रात्रि मौहल्ला भदईपुरा में परिवार के साथ किरायेदार के रूप रहने वाले एक राज मिस्त्री ने पत्नी से हुए झगड़े के बाद गुस्से में आकर कमरे में फांसी लगा ली। थेड़ी देर बाद जब पत्नी ने उसे फांसी पर लटका देखा तो शोर मचाया। मामलें की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे फांसी से उतारकर चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम अकसोला पोस्ट पदमपुरी थाना मुक्तेश्वर जिला नैनीताल निवासी 24 वर्षीय सन्तोष कुमार पुत्र दीवानराम राज मिस्त्री का काम करता था और यहां मौहल्ला भदईपुरा में अपनी पत्नी तथा एक व तीन वर्ष की दो पुत्रियों के साथ किरायेदार के रूप में रहता था। बताया जाता है कि मंगलवार की रात्रि उसका किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। जिसके बाद सन्तोष अपने कमरे में चला गया। जब वह काफी देर तक बाहर नहीं निकला तो उसकी पत्नी ने भीतर झांक कर देखा तो उसके होश उड़ गये। उसका पति कमरे में फांसी पर झूल रहा था। शोर मचाने पर आस पड़ोस के कई लोग आ गये। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी मौके पर आये और उन्होंने सन्तोष को फांसी से उतार कर जिला चिकित्सालय भिजवाया और परिजनों से आवश्यक जानकारी ली। चिकित्सकों ने सन्तोष को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि मृतक सन्तोष चार भाईयों व तीन बहनों में सबसे छोटा था।

## दुकान में भीषण आग से लाखों का सामान राख



शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। साधुनगर सिडकुल स्थित एक दुकान में बीती रात अचानक भीषण आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि पूरी दुकान जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गई। इस अग्निकांड में दुकानदार को लाखों रुपये का भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत शक्तिफार्म के वार्ड नंबर 4 निवासी जयंत बैरागी की साधुनगर सिडकुल में दुकान है। मंगलवार की देर रात अज्ञात कारणों से दुकान के भीतर से आग की लपटें उठने लगीं। आसपास के लोगों ने जब धुआं और लपटें उठती देखीं तो तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक उस पर काबू पाया जाता, पूरी दुकान जलकर खाक हो चुकी थी। गनीमत यह रही कि इस हादसे के दौरान कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही नगर पंचायत शक्तिफार्म अध्यक्ष सुमित मण्डल अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को इस आपदा से उबरने के लिए तुरंत मदद की आवश्यकता है। अध्यक्ष सुमित मण्डल ने शासन और प्रशासन से मांग की (शेष पृष्ठ 7 पर)

## गोलीकाण्ड मामले का फरार आरोपी तमंचे सहित गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवादाता)। थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक शातिर बदमाश को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए अभियुक्त ने पूछताछ में पिछले वर्ष हुई एक फायरिंग की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात उपनिरीक्षक अकरम अहमद टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान परशुराम तिराहे के पास मुखबिर से सूचना मिली कि जस्सी उर्फ हिमांशु कश्यप नामक बदमाश अवैध हथियार के साथ किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में रिद्धि-सिद्धि फैक्ट्री रोड पर खड़ा है। सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके से अभियुक्त को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम जस्सी उर्फ हिमांशु कश्यप पुत्र बाबूराम, निवासी कृष्णा कॉलोनी, ट्रांजिट कैंप (मूल निवासी रामपुर, यूपी) बताया। पुलिस की सख्ती से पूछताछ में उसने एक बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि पिछले साल सितंबर माह में बगवाड़ा भट्टा स्थित शिव मंदिर (शेष पृष्ठ सात पर)

## विकास कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं: मुख्य सचिव

### मुख्य सचिव ने महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश



नैनीताल (उद संवाददाता)। डॉ. आर. एस. टोलिया प्रशासनिक अकादमी नैनीताल में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने मंगलवार देर शाम जिले में संचालित विभिन्न परियोजनाओं और विकास कार्यो की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक, तकनीकी या प्रक्रियागत बाधा आने पर उसका तुरंत समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्या शासन स्तर की है तो उसे तत्काल संज्ञान में लाएं लेकिन विकास कार्य रुकने नहीं चाहिए। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को मासिक लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने और लंबित टेंडर व तकनीकी अनुमोदनों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी जिला स्तर पर इन कार्यों की नियमित समीक्षा करें ताकि राज्य के विकास कार्यों को गति मिले और जनसुविधाओं में सुधार हो सके।मुख्य सचिव ने आगामी यात्रा सीजन को लेकर प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग को चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि पर्यटकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और इसके लिए मजबूत प्रबंधन किया जाए। बैठक में 20 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं (शेष पृष्ठ सात पर)

## नवरात्र पर मंदिरों को चमकाने के लिए शुरू हुआ विशेष अभियान





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पावन चौत्र नवरात्र के पर्व को स्वच्छ और आध्यात्मिक वातावरण में मनाने के लिए नगर निगम ने शहर के मंदिरों में स्वच्छता का विशेष अभियान शुरू किया है। बुधवार को महापौर विकास शर्मा ने शहर के पांच से अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। धार्मिक जयकारों के बीच महापौर ने नगर निगम की टीम, सामाजिक और धार्मिक कार्यकर्ताओं के साथ खुद झाड़ू उठाकर श्रमदान किया और आम जन मानस को स्वच्छता का संदेश दिया। इस वृहद अभियान के तहत मंदिर परिसर और उसके आसपास सघन सफाई की गई तथा कीटनाशकों व चूने का छिड़काव भी सुनिश्चित किया गया।इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि नवरात्र शक्ति की उपासना का महापर्व है और नगर निगम का संकल्प है कि इस दौरान श्रद्धालुओं को मंदिरों (शेष पृष्ठ 7 पर)

## पुलिस की तत्परता से लापता किशोरी सकुशल बरामद

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। कोतवाली नानकमत्ता पुलिस ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए घर से बिना बताए लापता हुई 17 वर्षीय किशोरी को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। इस घटना से परिवार ने राहत की सांस ली है और पुलिस का आभार व्यक्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 मार्च 2026 को सरोजा निवासी परमजीत कौर पत्नी अमरीक सिंह ने थाना उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दिया था। उन्होंने बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री रमनजीत कौर बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर 9 मार्च 2026 को कोतवाली नानकमत्ता में मुकदमा पंजीकृत किया।मामले की विवेचना उप निरीक्षक मनोज जोशी को सौंपी गई। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने गुमशुदा किशोरी की तलाश के लिए लगातार प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप 17 मार्च 2026 को किशोरी को उसकी एक सहेली के घर से सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस द्वारा निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत किशोरी को न्यायालय में प्रस्तुत कर उसके बयान दर्ज कराए गए। दर्ज बयानों के आधार (शेष पृष्ठ सात पर)

# मुख्य सचिव ने किया निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

## नव निर्मित भवाली बायपास, भवाली- रातिघाट बाईपास, श्री कैंचीधाम मंदिर में निर्माणाधीन कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश

नैनीताल( उद संवाददाता)। जिले के भ्रमण पर पहुंचे मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने जनपद नैनीताल के अंतर्गत कैंची धाम क्षेत्र में लगने वाले जाम की समस्या के स्थायी समाधान हेतु नव निर्मित भवाली बायपास, भवाली- रातिघाट बाईपास, श्री कैंचीधाम मंदिर में निर्माणाधीन विभिन्न निर्माण कार्यों सहित नैनीताल मालरोड में सड़क भू धसाव की रोकथाम हेतु कराए हो जाता है तबतक इसी सीजन में वैलिब्रिज स्थापित कर यातायात सुचारू कराया जाय।मुख्य सचिव ने निर्माण कार्यों को तेजी से कराते हुए इस यात्रा सीजन जून मांह से पूर्व सभी कार्य पूर्ण करते हुए बाईपास मार्ग को संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्व प्रसिद्ध श्री कैंचीधाम मंदिर में लगातार श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है, इस हेतु यातायात दौरान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता पी एस बृजवाल ने मुख्य सचिव को अवगत कराया कि भवाली सेनीटोरियम से रातीघाट तक 18.15 किलोमीटर बाईपास में से 8 किलोमीटर मार्ग का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें यातायात सुचारू है। इस कार्य हेतु 12 करोड़ रुपये विभाग को प्राप्त हुए थे। शेष भाग 10.15 किलोमीटर मार्ग में पहाड़ लगने वाले जाम की स्थिति से भी निजात मिलेगी, साथ ही पहाड़ी जिलों को जाने वाले वाहनों हेतु यह वैकल्पिक मार्ग लाभप्रद होगा।इस दौरान मुख्य सचिव ने 10 करोड़ रुपये की धनराशि से नव निर्मित सैनिटोरियम से भवाली अल्मोड़ा मार्ग तक भवाली बायपास सड़क निर्माण कार्य व इसी मार्ग में शिप्रा नदी पर नव निर्मित 30 मीटर स्पान डबल लेन मोटर इम में ही पर्यटन विभाग अंतर्गत स्वदेश दर्शन योजना के तहत 17 करोड़ 59 तक 87000 रुपये की लागत से बनाए जा रहे फैसिलिटेशन सेंटर व अन्य कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया।कैंचीधाम में कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि यह विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं सड़क के भू- भाग में कराए जा रहे सुरक्षात्मक एवं सुधारीकरण कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण भी किया गया तथा अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान लोनिवि के मुख्य अभियंता ने अवगत कराया टीएचडीसी के द्वारा तैयार डीपीआर व डिजाईन एवं उनकी देखरेख में ही सुरक्षात्मक व सड़क सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। मुख्य सचिव





जा रहे सुरक्षात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।मुख्य सचिव ने अपने नैनीताल भ्रमण के दौरान नैनीताल जिले की प्रमुख परियोजना में शामिल कैंचीधाम बाईपास (सैनिटोरियम-रातीघाट) सड़क मार्ग का भी स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के उन्होंने इस महत्वपूर्ण सड़क मार्ग में किए जा रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कराए जा रहे कार्यों की जानकारी अधिकारियों से ली।मुख्य सचिव ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को निर्देश दिए कि भवाली-रातिघाट बाईपास में कार्य तेजी से करते हुए इस मार्ग में पर्यटन सीजन से पूर्व यातायात सुचारू किया जाय। जबतक स्थाई मोटर पुल का निर्माण नहीं सुविधा भी महत्वपूर्ण है, ताकि पहाड़ को जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिले तथा जाम से निजात मिले। उन्होंने कहा कि यहाँ आने वाले पर्यटकों, श्रद्धालुओं, आम नागरिकों को सभी आवश्यक सुविधाऐं मोहैय्या कराना प्रशासन की प्राथमिकता व जिम्मेदारी है।मुख्य सचिव ने कहा कि बाबा नीम करोरी के दर्शन हेतु देश-विदेश से श्रद्धालु यहां वर्ष भर आते जाते हैं आने वाले श्रद्धालुओं को समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो, साथ ही ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न ना हो इस लिए इस बाईपास का निर्माण प्राथमिकता से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के निर्माण से विश्व प्रसिद्ध श्रीकैंचीधाम में लगने वाले जाम से निजात मिलेगी।इस कटिंग कार्य हेतु शासन से 5 करोड़ 6 लाख रूपये की धनराशि प्राप्त हुई है, पहाड़ कटिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है। उक्त मार्ग में वर्तमान में 9 करोड़ 81 लाख रूपये की धनराशि से कलमठ व सुरक्षा दीवारों का निर्माण एवं अन्य सुरक्षात्मक कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।मुख्य अभियंता ने अवगत कराया कि इस बाईपास को रातिघाट स्थित भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने हेतु 74.15 किलोमीटर स्पान का मोटर पुल का भी निर्माण किया जाना है इस हेतु शासन से 9 करोड़ 63 रुपये की धनराशि प्राप्त हो हुई है जिससे पुल का निर्माण कार्य प्रगति पर है।मुख्य सचिव ने कहा कि इस मार्ग के निर्माण से कैंचीधाम में पुल का भी निरीक्षण किया गया। यह मार्ग यातायात हेतु सुचारू हो गया है।मुख्य सचिव ने कहा कि उक्त बाईपास के निर्माण से भवाली बाजार में लगने वाले जाम से निजाद मिलेगी, वहीं पर्यटन सीजन में पर्यटकों को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा भी नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने विश्व प्रसिद्ध श्री कैंचीधाम मंदिर परिसर में 40 करोड़ 81 लाख 39000 रुपये की लागत से मानस खंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत संचालित पर्यटन विकास व सौंदर्यीकरण कार्यों, जिसमें बहु मंजिला कार पार्किंग निर्माण, मेडिटेशन सेंटर, पाथवे व पैदल सेतु का निर्माण कराया जा रहा है, के निरीक्षण के अतिरिक्त कैंचीधाम में व पर्यटकों हेतु समुचित व्यवस्था हो विशेष रूप से पार्किंग की सही व्यस्था हो। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल में वाहनों के प्रवेश एवं निकासी अलग अलग गेट से हो, ऐसी व्यवस्था हो इस सबन्ध में उन्होंने जिलाधिकारी को पुलिस एवं कार्यदाई संस्था के साथ बैठक कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।इस दौरान मुख्य सचिव ने विश्व प्रसिद्ध श्री कैंचीधाम में पंहुचकर बाबा नीब करौली के भी दर्शन कर राज्य की सुख एवं शांति की कामनां की।भ्रमण के दौरान मुख्य सचिव ने वर्ष 2018 में नैनीताल स्थित लोअर माल रोड में हुई क्षति के मरम्मत तथा झील की तरफ से हो रहे भू-धसाव की रोकथाम हेतु 3 करोड़ 48 लाख रुपए की लागत से ने विभाग को पूर्ण गुणवत्ता से निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सिंचाई विभाग को भी निर्देश दिए कि मालरोड में उनकी ओर से जो भी कार्य किए जाने हैं वह भी कार्य शीघ्रता से कराएं। इस दौरान आयुक्त कुमाऊं व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे, मुख्य अभियंता सिंचाई संजय कुमार शुक्ला ,अधीक्षण अभियंता लोनिवि मनोहर सिंह धर्मशक्तू, उपजिलाधिकारी नवाजिश खलीक, मोनिका सहित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने देखी फिल्म 'द केरला स्टोरी 2'

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मॉल ऑफ देहरादून में बहुचर्चित फिल्म 'द केरला स्टोरी 2' देखी। इस



अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फिल्म समाज में घटित हो रही संवेदनशील घटनाओं को उजागर करते हुए जागरूकता का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सामाजिक समरसता और जनसंख्या संतुलन को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।मुख्यमंत्री ने इस दौरान उत्तराखंड में लागू किए गए कड़े कानूनों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश देश का पहला राज्य बना है जिसने समान नागरिक संहिता लागू कर एक ऐतिहासिक पहल की है। यह कानून समाज में समानता और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इसके साथ ही राज्य में सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून लागू किया गया है जिससे अवैध और जबरन धर्मांतरण की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगी है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के कानून समाज में पारदर्शिता, सुरक्षा और विश्वास को मजबूत करने का कार्य करते हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसी विशेष वर्ग के खिलाफ नहीं बल्कि सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जागरूक रहें और समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए अपनी भूमिका निभाएं। उनके अनुसार इस प्रकार की फिल्में समाज को सोचने और समझने का अवसर देती हैं और सरकार ऐसे हर प्रयास का समर्थन करती है। इस अवसर पर मेयर सौरभ थपलियाल, विधायक उमेश शर्मा काऊ, दुर्गेश्वर लाल, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रदेश के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने 75 करोड़ की धनराशि को दी मंजूरी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों की चुनौतियों का सामना करने और अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 75 करोड़ की भारी भरकम धनराशि की स्वीकृति प्रदान की है। इस बजट के माध्यम से विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में सड़कों के पुनर्निर्माण और अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों को गति दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से प्रदेश में साइबर अपराधों और उससे जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए देहरादून में साइबर उत्कृष्टता केंद्र यानी साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है जिसके लिए 31.63 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।जनपद उधम सिंह नगर के अंतर्गत किच्छा विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए एनएच 109 में राम सुमेर शुक्ला राजकीय मेडिकल कॉलेज से अटरिया माता मंदिर



मोड़ सिडकुल और आनंदपुर होते हुए एसएच 44 तक सड़क पुनर्निर्माण हेतु 22.72 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही राज्य योजना के अंतर्गत किच्छा के शिमला पिस्तौर कुरैया मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण और सुधार कार्य के लिए 19.40 करोड़ रुपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।मुख्यमंत्री द्वारा अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए भी बजट अनुमोदित किया गया है जिसमें रुड़की में उपसंभागीय परिवहन कार्यालय के निर्माणाधीन भवन हेतु एप्रोच मार्ग निर्माण कार्य के लिए 1.30 करोड़ रुपये शामिल हैं। अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में सुविधाओं के विकास के अंतर्गत राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास मसूरी के भवन अनुरक्षण हेतु 67.42 लाख रुपये और जनपद उधम सिंह नगर के राजकीय जनजाति छात्रावास खटीमा में ट्यूबवेल एवं मास्ट लाइट के कार्यों हेतु 18.06 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# युवा एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

किच्छा। नगर स्थित राजकीय महाविद्यालय में युवा एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राजकीय डिग्री कॉलेज (पिथौरागढ़) के प्राचार्य प्रोफेसर सुभाष वर्मा एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक संजय नगरकोटी ने मुख्य रूप से शिरकत कर विचार व्यक्त करते हुए युवाओं का मार्गदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राजीव रत्न ने कहा कि आज के समय में युवाओं के सामने अवसाद, तनाव, प्रतिस्पर्धा, असफलता का भय और अकेलापन जैसी मानसिक समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं तथा इन समस्याओं से बचने के लिए युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ अपने जीवन



में संतुलन बनाए रखना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित व्यायाम, समय प्रबंधन, परिवार एवं मित्रों से संवाद बनाए रखने तथा रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। प्रोफेसर सुभाष वर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग, भविष्य को लेकर असमंजस और लक्ष्य के प्रति दवाब इसका मुख्य कारण है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बढ़ाने, योग और ध्यान अपनाने तथा संतुलित दिनचर्या बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। वक्ता संजय नगरकोटी ने छात्र-छात्राओं को वित्तीय प्रबंधन के लिए विशेष रूप से जागरूक किया। मौके पर आईक्यूएसी समन्वयक डॉ प्रकाश चंद भट्ट, डॉ उमराव सिंह, डॉ विजय आनंद, डॉ हर्षिता तिवारी, डॉ मनीषा पांडे, लवली पांडे, उपेंद्र कुमार सहित तमाम छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# दहेज उत्पीड़न के मामले में पति समेत छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों पर दहेज के लिए शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर और काउंसलिंग सेल की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।ग्राम नरपत नगर निवासी शिवानी पुत्री राजेंद्र कक्कड़ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 16 अप्रैल 2022 को आदर्श कॉलोनी निवासी विजय कुमार पुत्र अशोक मुंजाल के साथ हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुआ था। विवाह के समय उसके माता-पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार करीब 35 लाख रुपये खर्च किए थे, जिसमें सोने-चांदी के जेवरात और घरेलू सामान शामिल था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति विजय कुमार, सास सुषमा रानी, जेठ आशीष मुंजाल, जेठानी रीमा मुंजाल और ननद रेनू कम दहेज का ताना देकर उसका उत्पीड़न करने लगे।पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग लगातार 15 लाख रुपये नगद और एक थार कार की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ बार-बार मारपीट की गई। बीच-बचाव के लिए पीड़िता के पिता ने तीन लाख रुपये नगद भी दिए, लेकिन उत्पीड़न कम नहीं हुआ। आरोप है कि 1 अप्रैल 2025 को मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया, जिसके बाद से वह अपने मायके में रह रही है। घटनाक्रम के अनुसार, 30 जून 2025 को ससुराल पक्ष के लोग उसके मायके पहुंचे और वहां भी गाली-गलौज व मारपीट करते हुए दहेज की मांग दोहराई। साथ ही मांग पूरी न होने पर जान से मारने और पति की दूसरी शादी करने की धमकी दी।विवाहिता ने बताया कि इस मामले में पूर्व में दी गई शिकायतों और काउंसलिंग सेल में चली लंबी प्रक्रिया के विफल होने के बाद अब पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नवरात्र को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी छापेमारी,कुट्टू के आटे और सेंधा नमक के लिए नमूने

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सचिव स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा आयुक्त उत्तराखंड सचिन कुर्वे और जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को आगामी नवरात्र पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ सुनिश्चित करने के लिए सघन अभियान चलाया गया। सहायक आयुक्त खाद्य संरक्षा ललित मोहन पाण्डे के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने रुद्रपुर क्षेत्र स्थित मॉल और विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने संदेह के आधार पर सेंधा नमक का एक, रागी आटे के दो और साबुदाना का एक नमूना लिया।ललित मोहन पाण्डे ने बताया कि कुल 04 नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला रुद्रपुर भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर यदि नमूने मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए, तो संबंधित खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध कठोर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान व्यापारियों को कड़े निर्देश दिए गए कि कुट्टू का आटा बिना वैध खाद्य लाइसेंस या पंजीकरण के न तो बनाया जाए और न ही बेचा जाए। उन्होंने कुट्टू के खुले आटे की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने और केवल सीलबंद पैकेट बेचने के निर्देश दिए, जिस पर निर्माण, पैकिंग, एक्सपायरी तिथि और लाइसेंस नंबर स्पष्ट रूप से अंकित होना अनिवार्य है।विभाग ने स्पष्ट किया कि खाद्य कारोबारियों को कुट्टू के बीज या आटे के क्रय विक्रय का पूरा लिखित विवरण रखना होगा। इसके अलावा बाहरी प्रदेशों से केवल पंजीकृत लाइसेंसधारियों से ही सामग्री खरीदने और दैनिक रिकॉर्ड बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। सहायक आयुक्त ने आम जनता से भी अपील की है कि वे सामान खरीदते समय तिथि और लाइसेंस अवश्य जांच लें। किसी भी प्रकार की निम्न गुणवत्ता या अस्वच्छ सामग्री की शिकायत टोल फ्री नंबर 18001804246 पर की जा सकती है। इस अभियान टीम में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या और पंकज कुमार शामिल रहे।



# अज्ञात कार की टक्कर से काशीपुर के दो युवकों की हुई दर्दनाक मौत

रामनगर (उद संवाददाता)। मंगलवार दोपहर रामनगर हल्द्वानी मार्ग पर ग्राम छोई के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में काशीपुर निवासी दो युवकों की जान चली गई। घटना के बाद से मृतकों के परिवारों में चीख पुकार मची हुई है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम खरमासा कुंडेश्वरी, काशीपुर निवासी 19 वर्षीय रोशन प्रीत और 19 वर्षीय जसनदीप कुंडेश्वरी के एक स्कूल में वैन चलाने का कार्य करते थे। मंगलवार को दोनों अपनी मोटरसाइकिल से किसी वाहन का पार्ट लेने के लिए हल्द्वानी जा रहे थे।रास्ते में छोई के समीप एक अज्ञात कार चालक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे एक टेम्पो से जा टकराई। इस भिड़ंत में दोनों युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े, वहीं टेम्पो चालक गूलरघट्टी निवासी मोहम्मद असलम भी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहाँ चिकित्सकों ने रोशन प्रीत और जसनदीप को मृत घोषित कर दिया। घायल टेम्पो चालक को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और शिनाख्त के बाद मृतकों के परिजनों को सूचित किया। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, जहाँ उनका रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने पुलिस से अज्ञात कार चालक का पता लगाकर उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर दिया है और दुर्घटना के कारणों की गहराई से तफ्तीश की जा रही है।



# शक्तिफार्म चौकी में एसएसपी ने की नए स्टाफ की तैनाती

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंह नगर अजय गणपति ने अवैध खनन के गंभीर मामले में शक्तिफार्म चौकी के समस्त स्टाफ को लाइन हाजिर करने के बाद वहां नए पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी है। एसएसपी के कड़े रुख के बाद अब शक्तिफार्म चौकी की कमान नए हाथों में सौंपी गई है ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और पारदर्शिता बनी रहे। जारी सूची के अनुसार कोतवाली सितारगंज से ललित चौधरी को शक्तिफार्म चौकी का नया प्रभारी बनाया गया है। उनके साथ ही पुलिस लाइन से हरीश कुमार को अपर उपनिरीक्षक के पद पर तैनात किया गया है। पुलिस लाइन से ही मुख्य आरक्षी हरीश राम, अनिल कुमार और कमल सिंह को चौकी शक्तिफार्म में नई जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा आरक्षी मदन सिंह, हरगोविन्द और भूपाल सिंह बिष्ट को भी पुलिस लाइन से स्थानांतरित कर शक्तिफार्म चौकी में तैनात किया गया है। एसएसपी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या अवैध गतिविधियों में संलिप्तता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी नए तैनात पुलिसकर्मियों को तत्काल कार्यभार ग्रहण करने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# तमंचा और कारतूस के साथ बदमाश दबोचा

काशीपुर। आपराधिक वारदात को अंजाम देने की नीयत से चहल कदमी कर रहे एक बदमाश को पुलिस टीम ने रोड चेकिंग के दौरान दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किया। जानकारी के मुताबिक आईटीआई थाना पुलिस चौती मैदान क्षेत्र में कुंडेश्वरी रोड पर चेकिंग कर रही थी इसी दौरान पुलिस को देखकर एक शख्स भागने लगा। पुलिस को शक होने पर उसने दौड़ा कर उसे दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए शख्स ने अपना नाम आर के राइस मिल के पास मानपुर रोड काशीपुर निवासी बॉबी पुत्र भजनलाल बताया। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को 315 बोर का एक अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद गिरफ्तार बदमाश को पुलिस द्वारा जेल रवाना कर दिया गया।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# कनिष्क ढिंगरा पुन: बने भाजयुमो जिला महामंत्री

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता युवा मोर्चा नैनीताल में संगठन ने युवा कार्यकर्ता कनिष्क ढिंगरा पर एक बार फिर विश्वास जताते हुए उन्हें पुन: जिला महामंत्री का दायित्व सौंपा है। प्रदेश में कनिष्क ढिंगरा एकमात्र ऐसे कार्यकर्ता हैं जिन्हें जिला महामंत्री पद पर दोबारा जिम्मेदारी दी गई है।कनिष्क ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने एक साधारण कार्यकर्ता को दोबारा इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और मेहनत से खरा उतरने का प्रयास करेंगे । उन्होंने कहा कि आने वाले समय में युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। कनिष्क ने इस दायित्व के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, भाजपा जिला महामंत्री व युवा मोर्चा प्रभारी रंजन बर्गली, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष चंदन सिंह बिष्ट सहित प्रदेश व जिला नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया।



# आनंदनगर तिलियापुर के दो होनहार छात्रों का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ चयन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। क्षेत्र के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय आनंदनगर तिलियापुर के दो होनहार छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय के छात्र ऋषभ कुमार और हिमांशु आर्या का चयन कक्षा 6 में प्रवेश के लिए हुआ है, जिससे विद्यालय प्रशासन सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। अपनी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर ऋषभ कुमार ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 95 प्रतिशत अंक अर्जित किए और पूरे जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं, हिमांशु आर्या ने भी 81 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता की इस राह में अपना नाम दर्ज कराया। इन दोनों ग्रामीण छात्रों की उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि यदि संकल्प दृढ़ हो तो संसाधनों की कमी कभी भी प्रतिभा के आड़े नहीं आती। विद्यालय परिवार ने इस सफलता को अपनी शिक्षण गुणवत्ता और विद्यार्थियों के निरंतर परिश्रम का सुखद परिणाम बताया है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर प्रधानाध्यापक जयंत मंडल सहित शिक्षक धर्मा देवी, पूरन डसीला, महेश कुमार, हृदेश चौहान, तापस मिस्त्री, अनुकूल मंडल और सुंदर डसीला सहित समस्त स्टाफ ने दोनों छात्रों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्रवासियों ने भी दोनों होनहारों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे आने वाली पीढ़ी के लिए बेहद प्रेरणादायक बताया है।



# बीआईएस क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन

पंतनगर (उद संवाददाता)। प्रौद्योगिकी महाविद्यालय स्थित पोस्ट हार्वेस्ट प्रोसेस एवं फूड इंजीनियरिंग विभाग में 'ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स' विषय पर एक क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 200 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बीआईएस स्टूडेंट चौप्टर पोस्ट हार्वेस्ट प्रोसेस एवं फूड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मानकीकरण, गुणवत्ता नियंत्रण एवं खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित बीआईएस मानकों के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दीपक वर्मा को 5000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। द्वितीय स्थान पर तनय पंत एवं कुनाल टम्टा रहे जिन्हें 2000-2000 रुपये की नकद राशि प्रदान की गई। तृतीय स्थान पर मोहित कांडपाल, निधि पाल एवं ज्ञान प्रकाश रहे जिन्हें 1000-1000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता एस एस गुप्ता रहे। इस अवसर पर स्टैंडर्डाइजेशन चेयर प्रोफेसर बीआईएस एस बी सिंह, विभागाध्यक्ष पोस्ट हार्वेस्ट प्रोसेस एवं फूड इंजीनियरिंग विभाग पी के ओमरे तथा बीआईएस स्टूडेंट चौप्टर के मेंटॉर सचिन कुमार भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और छात्रों को गुणवत्ता एवं मानकीकरण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन बीआईएस स्टूडेंट चौप्टर की टीम द्वारा किया गया जिसकी उपस्थित जनों ने सराहना की।



# प्रमुख फसलों में खरपतवार प्रबंधन पर किसानों को दिया प्रशिक्षण

पंतनगर (उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग की अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार प्रबंधन शोध परियोजना के अंतर्गत गौलापार के ग्राम किशनपुर रैक्वाल गंगापुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत देवेंद्र बिष्ट के प्रक्षेत्र पर आयोजित इस किसान सभा में आसपास के छह गांवों के लगभग 80 महिला एवं पुरुष कृषकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को खरीफ की प्रमुख फसलों में खरपतवार नियंत्रण की आधुनिक विधियों से अवगत कराना था।प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन करते हुए परियोजनाधिकारी एवं सस्य विज्ञान विभाग के प्राध्यापक एस पी सिंह ने फसलों में खरपतवार से होने वाली हानियों और उनके प्रभावी नियंत्रण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मक्का, सोयाबीन, मूंग, उड़द और धान की फसलों में खरपतवारनाशियों के प्रयोग की उचित मात्रा और छिड़काव के सही समय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाकनाशी के प्रयोग का सबसे सटीक समय तब होता है जब खरपतवार 2 से 4 पत्ती की अवस्था में हों। अक्सर किसान शाकनाशी की अधिक मात्रा और पानी का कम उपयोग करते हैं जिससे उचित नियंत्रण नहीं मिल पाता।वैज्ञानिकों ने छिड़काव की तकनीक पर जोर देते हुए बताया कि खरपतवार नाशियों के लिए हमेशा फ्लेंट फेन कट नॉजल या बूम नोजल का ही प्रयोग करना चाहिए। इस अवसर पर परियोजना की ओर से उपस्थित सभी किसान भाईयों और बहनों को विभिन्न खरीफ फसलों में प्रयोग होने वाले नए शाकनाशियों का नि:शुल्क वितरण भी किया गया। किसानों ने अपनी समस्याओं को साझा किया और विशेषज्ञों से उनका समाधान जाना। कार्यक्रम में वरिष्ठ शोधार्थी आर पी सिंह, धर्मेंद्र कुमार, राजीव और प्रक्षेत्र सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।




# मां ज्वाला जी की पवित्र ज्योति आज पहुंचेगी रुद्रपुर, भव्य स्वागत की तैयारी

रुद्रपुर। श्री सनातन धर्म सभा रुद्रपुर के तत्वावधान में मां ज्वाला जी की पवित्र ज्योति आज शाम 4:00 बजे रुद्रपुर पहुंचेगी। यह ज्योति 12 मार्च को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर रुद्रपुर से विशेष बस द्वारा हिमाचल प्रदेश स्थित ज्वालामुखी सहित विभिन्न तीर्थ स्थलों से लाई जा रही है। सभा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बस गांधी पार्क के पास बाटा चौक पर पहुंचेगी, जहां से मां ज्वाला जी की पवित्र ज्योति का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालुओं की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ ज्योति को शोभायात्रा के रूप में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर तक ले जाया जाएगा। इस दौरान पूरे मार्ग पर भक्ति और उत्साह का वातावरण रहेगा। श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष एडवोकेट महेश बब्बर ने सभी धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में गांधी पार्क, बाटा चौक पहुंचकर मां ज्वाला जी की पवित्र ज्योति के दर्शन करें और पुण्य के भागी बनें। उन्होंने बताया कि स्वागत कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं और विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों का सहयोग भी मिल रहा है। आयोजन को लेकर शहर में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। श्रद्धालु मां ज्वाला जी के आगमन को लेकर उत्सुक हैं और पूरे आयोजन को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाने की तैयारी में जुटे हैं।



# श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता देख भावविभोर हुए श्रद्धालु





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम (वैष्णो देवी मंदिर) में ब्रह्मलीन वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी हंसेश्वरी भारती महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन कथा व्यास नारायण चौतन्य ब्रह्मचारी महाराज ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की अलौकिक लीलाओं का वर्णन करते हुए देवकी के छह पुत्रों को वापस लाने और सुभद्रा हरण के आख्यान सुनाए। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने बताया कि सच्ची मित्रता कैसे निभाई जाती है यह भगवान श्री कृष्ण और सुदामा के प्रसंग से समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपनी पत्नी के आग्रह पर सुदामा अपने सखा कृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे थे। द्वारपालों ने उन्हें भिक्षुक समझकर रोक दिया था लेकिन जैसे ही कृष्ण ने सुदामा का नाम सुना वे नंगे पांव दौड़ते हुए द्वार तक आए और अपने मित्र को गले लगा लिया। कथा व्यास ने कहा कि प्रभु ने सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब भी भक्तों पर विपदा आती है प्रभु उनका उद्धार करने अवश्य आते हैं और जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है उसका जीवन सफल हो जाता है। इस अवसर पर वैष्णो भजन मंडल की ओर से आए गणमान्य लोगों का स्वागत किया गया। कथा के समापन पर भक्तों ने वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी हंसेश्वरी मां भारती महाराज (स्वर्ग फार्म वाली देवी) की तपस्थली के दर्शन कर पूजा अर्चना की।इस अवसर पर महंत श्याम खुराना, विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा, धीरेन्द्र मिश्रा, परविंदर पूरी, योग गुरु अशोक कालरा, दिवाकर पांडे, राजीव अनेजा, अमित गंभीर, अशोक अदलखा, केसर दास खेड़ा, मदन गांधी, अशोक, सतनाम, राजेश, राजीव, नरेश, जिगर, गौरव, ताराचंद, सन्नी, प्रेम, विजय फुटेला, लक्ष्य, जगदीश, आशा, रमन, शम्मी, जीतू, सीमा, कंचन, गगन, सुनीता, प्रीति सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

# महामना मालवीय चौक निर्माण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर। नगर की प्रतिष्ठित सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री सनातन धर्म सभा के एक प्रतिनिधि मंडल ने महापौर से मुलाकात कर उन्हें एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पदाधिकारियों ने शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करने की दिशा में भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय के नाम पर एक भव्य चौक की स्थापना की मांग की। महापौर ने प्रतिनिधिमंडल की मांग को गंभीरता से लेते हुए चौक निर्माण के लिए शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही शुरू करने का आश्वासन दिया है।मेयर को सौंपे गए ज्ञापन में प्रतिनिधिमंडल ने संस्था के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि श्री सनातन धर्म सभा (पंजीकृत) रुद्रपुर की सबसे पुरानी और अग्रणी संस्थाओं में से एक है। वर्ष 1954 में अपनी स्थापना के समय से ही यह सभा नगर के हजारों सनातन धर्म प्रेमियों के सहयोग से समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। वर्तमान में संस्था द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री हरि मंदिर और श्री रामबाग श्मशान घाट के साथ-साथ श्री सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज, कन्या




महाविद्यालय एवं श्री सनातन धर्म पब्लिक स्कूल का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है, जो नगर के शैक्षिक और आध्यात्मिक विकास में मील का पत्थर साबित हुए हैं।पदाधिकारियों ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि नगर में सनातन धर्म के अनुयायियों की इतनी बड़ी संख्या और संस्था के विशाल योगदान के बावजूद नगर निगम द्वारा अब तक उनकी विशिष्ट पहचान के रूप में किसी स्थान या चौक का नामकरण नहीं किया गया है। ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने ध्यान आकर्षित किया कि पूर्व में सनातन धर्म सभा के संस्थापक और भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी के सम्मान में गुड़ मंडी चौक पर उनकी आदमकद प्रतिमा लगाने और चौक का नामकरण करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन यह योजना अभी तक धरातल पर नहीं उतर पाई है। सभा के सदस्यों ने महामना मालवीय जी की महानता का स्मरण करते हुए महापौर से इस दिशा में त्वरित कदम उठाने का आग्रह किया। सकारात्मक रुख अपनाते हुए महापौर ने आश्वस्त किया कि वे इस मांग को जल्द ही धरातल पर उतारेंगे। उन्होंने कहा कि शहर के सभी चोक चौराहों को धार्मिक पहचान देने का संकल्प लिया गया है, निकट भविष्य में शहर के प्रमुख चौक चौराहे अलग ही स्वरूप में नजर आयेंगे। प्रतिनिधिमंडल में श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, विजय जग्गा और मोहन अरोरा सहित नगर के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जू-जित्सु प्रतियोगिता के लिए रुद्रपुर के क्षितिज सिंह का चयन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के इतिहास में पहली बार आयोजित अंतर-महाविद्यालय जू-जित्सु चयन ट्रायल में श्री गुरु नानक डिग्री कॉलेज रुद्रपुर के छात्र क्षितिज सिंह ने बाजी मारी है। हल्द्वानी के मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित ऑडिटोरियम में एमबीपीजी कॉलेज के सौजन्य से आयोजित इस ऐतिहासिक चयन ट्रायल में क्षितिज ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया।बीए विभाग के प्रतिभावान छात्र क्षितिज सिंह का चयन आगामी अप्रैल माह में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी भोपाल में आयोजित होने



वाली ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी जू-जित्सु प्रतियोगिता 2026 के लिए किया गया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्या एवं समस्त शिक्षकगणों ने क्षितिज को हार्दिक बधाई देते हुए इसे संस्थान के लिए एक बड़ी कामयाबी बताया।महाविद्यालय के प्रबंधक एवं कोषाध्यक्ष ने भी छात्र के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता न केवल कॉलेज बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने क्षितिज को भोपाल में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नवरात्रि में गुणवत्ता पूर्ण खाद्य पदार्थ बिक्री के दिए निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।आगामी चौत्र नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद में आमजन को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य व्यापारियों/व्यवसायियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई।जिसमें उपस्थित खाद्य व्यापारियों को नवरात्रि के दौरान विशेष रूप से फलाहार यथा कुट्टू आटा, सिंघाड़े का आटा, मखाना, साबूदाना मूंगफली दाना मिष्ठान, दूध एवं दुग्ध उत्पाद, अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्हें बताया गया कि सभी खाद्य प्रतिष्ठानों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए, खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार की मिलावट न की जाए, विशेषकर कुट्टू आटा, सिंघाड़े का आटा,मखाना, साबूदाना मूंगफली दाना में, सभी पैक्ड खाद्य पदार्थों पर निर्माण तिथि, समाप्ति तिथि एवं बैच नंबर स्पष्ट अंकित होना चाहिए,प्रतिष्ठानों में रेट




लिस्ट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए। उन्होंने कहा कि बिल/कैश मेमो जारी करना अनिवार्य होगा।दुकानों पर एफएसएसएआई लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र प्रदर्शित किया जाए। खाद्य सामग्री को पैक्ड एवं उचित तापमान पर सुरक्षित रखा जाए। खराब तथा पुराना खाद्य सामग्री का विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ बेचने की जानकारी प्रसारित करें।किसी भी प्रकार की शिकायत या अनियमितता पाए जाने पर विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में सहायक आयुक्त ए एस रावत, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह हमारे संभ्रांत व्यापारी नेता विपिन गुप्ता, हितेंद्र भसीन, मनोज जायसवाल, राजकुमार आनंद, संजय गुप्ता, विपिन गुप्ता, अमित शर्मा, बलदेव राज नारंग, सुनील आदि उपस्थित रहे।व्यापारी बंधुओ से मीटिंग के बाद वरिष्ठ का सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह द्वारा जे प्योर एवं कोटी कुट्टू का आटा का नमूना, एक मखाने का नमूना,एक लौंग का नमूना, एक चावल का नमूना बाजार क्षेत्र से संग्रहित किया गया तथा विश्लेषण हेतु राजकीय खाद्य सुरक्षा का रुद्रपुर भेज दिया गया। रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।




# आपदा प्रबंधन का महाभ्यास, छह स्थानों पर हुई मॉकड्रिल

## भूस्खलन, बाघ का हमला और बस दुर्घटना जैसी स्थितियों में राहत दलों ने दिखाई तत्परता

नैनीताल/हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार मंगलवार को जनपद नैनीताल की पांच तहसीलोंख्रनैनीताल, हल्द्वानी, कालाढूंगी, कैंचीधाम और खनस्यू में वृहद आपदा पूर्वाभ्यास अभियान का आयोजन किया गया। जिला आपदा परिचालन केंद्र को सुबह 10:30 बजे अलग-अलग क्षेत्रों से आपदा की सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिसके तत्काल बाद आईआरएस प्रणाली को सक्रिय करते हुए राहत एवं बचाव दलों को मौके पर रवाना किया गया। मॉकड्रिल के दौरान पहली घटना मल्लीताल स्थित बोट हाउस क्लब में नाव पलटने की रही, जहाँ झील में गिरे 05 पर्यटकों को रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। दूसरी घटना कालाढूंगी रेंजर ऑफिस के पास बाघ के हमले की थी, जिसमें वन विभाग और पुलिस ने घायल को जंगल से बरामद कर अस्पताल पहुँचाया और बाघ को ट्रेंकुलाइज किया। नैनीताल के चार्टन लॉज क्षेत्र में भूस्खलन की सूचना पर राहत दल ने मलबे में दबे 07 लोगों को निकाला, जिनमें से एक को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया।वहीं, प्रसिद्ध कैंचीधाम मंदिर परिसर में भगदड़ की स्थिति निर्मित की गई, जहाँ बचाव दल ने 20 लोगों को रेस्क्यू किया। ओसाड़ बैंड ओखलकांडा और करायल के बीच एक बस के खाई में गिरने की बड़ी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 35 यात्रियों को बचाया गया, जिनमें से गंभीर रूप से घायल 04 यात्रियों को सीएचसी ओखलकांडा भेजा गया। हल्द्वानी के कल्सिया नाला क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ की मॉकड्रिल में 12 घायलों को सुरक्षित निकाला गया, जिनमें से 02 को बेस अस्पताल हल्द्वानी रेफर किया गया।पूरे अभियान की मॉनिटरिंग अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपदा के समय त्वरित कार्रवाई के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी, आरटीओ गुरुदेव सिंह, पुलिस कंट्रोल रूम से आनंद पंत और एनडीआरएफ इंस्पेक्टर नाजिम हुसैन सहित स्वास्थ्य, वन और आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन के इस सफल अभ्यास ने भविष्य की आपदाओं से निपटने की तैयारियों को और अधिक पुख्ता किया है।








# भाजपा की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार

## धामी सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर 21 मार्च को हल्द्वानी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जनसभा को लेकर बनी रणनीति

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्थानीय श्यामा गार्डन बैंक्वेट हॉल में भारतीय जनता पार्टी जिला नैनीताल द्वारा आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों के निमित्त एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी दुष्यन्त गौतम, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट व जिला प्रभारी खिलेन्द्र चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलन व सामूहिक वंदेमातरम गान के साथ किया गया।राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी दुष्यन्त गौतम ने जिले से आए समस्त पदाधिकारियों को आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों का महत्व बताते





हुए उनसे पूर्ण मनोयोग से जुटकर इन कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने का आवाहन किया। उन्होंने उत्तराखंड राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ताओं से अभी से कमर कस कर बूथ स्तर पर अधिक गतिशील होकर संगठन को सशक्त बनाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत जिले में हो रहे मण्डल प्रशिक्षण वर्गों की समीक्षा की और इन वर्गों को संगठन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करने पर बल दिया।प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल ने आगामी 21 मार्च को राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हल्द्वानी में होने जा रहे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यक्रम की विधानसभावार योजना रचना पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, विधायक नैनीताल सरिता आर्य, विधायक लालकुआँ मोहन सिंह बिष्ट, विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट, पूर्व महापौर जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, दिनेश आर्य, दीपक मेहरा, नवीन वर्मा, शान्ति मेहरा, शंकर कोरंगा, रेनु अधिकारी, मण्डी परिषद अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, पूर्व मंत्री गोबिन्द सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, जिला महामंत्री रंजन बर्गली व विनीत अग्रवालआदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 15.33 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

किच्छा( उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिंह नगर अजय गणपति द्वारा नशे और मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु दिए गए कड़े निर्देशों के क्रम में पुलभट्टा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक नगर रुद्रपुर एवं क्षेत्राधिकारी सितारगंज के कुशल पर्यवेक्षण में टीम ने एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक के साथ दबोचा है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2 लाख रुपये आंकी गई है। बीती 16 मार्च को थानाध्यक्ष पुलभट्टा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश और गश्त पर मुस्तैद थी। इस दौरान टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास मौजूद



प्लास्टिक के डिब्बे से 15.33 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में अभियुक्त की पहचान शिव कुमार पुत्र रामजीवन निवासी पुरानी मंडी, रेलवे स्टेशन के पास थाना किच्छा के रूप में हुई है। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध थाना पुलभट्टा में एफआईआर संख्या 45/2026 के तहत धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस अब गिरफ्तार अभियुक्त के पुराने आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाने में लगी है ताकि इस तस्करी के पीछे जुड़े अन्य नेटवर्क का भी पर्दाफाश किया जा सके।

# प्रसिद्ध मां झंडेवाली के दरबार में प्रस्तुति देंगे भजन गायक रितेश मनोचा

रूद्रपुर। देवभूमि के उभरते और प्रसिद्ध भजन गायक रितेश मनोचा के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। गुरुवार से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र के पहले दिन उन्हें नई दिल्ली स्थित सुप्रसिद्ध मां झंडेवाली के शाही दरबार में अपनी प्रस्तुति देने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। नवरात्र के प्रथम दिन आयोजित होने वाली माता की चौकी में रितेश मनोचा मां भगवती के चरणों में अपनी स्वर लहरियों के माध्यम से हाजिरी लगाएंगे। विख्यात भजन गायक रितेश मनोचा ने इस आमंत्रण को अपने जीवन का सबसे सुंदर और सौभाग्य शाली अध्याय बताया है। उन्होंने कहा कि देश के इतने प्रतिष्ठित सिद्धपीठ में




गायन का अवसर मिलना पूरी तरह से मां भगवती की असीम कृपा का परिणाम है। रितेश मनोचा ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि गुरुवार दोपहर 3:30 बजे से शाम 6 बजे तक मां झंडेवाली के दरबार में उनकी भजन संध्या का कार्यक्रम रहेगा। इस गौरवपूर्ण पल के साक्षी देशभर के श्रद्धालु बन सकेंगे, क्योंकि इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मां झंडेवाला देवी मंदिर के आधिकारिक यूट्यूब पेज पर लाइव किया जाएगा। रितेश मनोचा को मिले इस विशेष निमंत्रण और उपलब्धि पर रुद्रपुर नगर में हर्ष की लहर है। शहर की विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं सहित गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।




उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# बर्बरता और युद्ध का उन्माद

आज जब पूरे विश्व को प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ना था, तब कई देश युद्ध के उन्माद में इस कदर डूबे हुए हैं कि मानवीयता तार-तार हो रही है। सैन्य संघर्ष लगातार बढ़ते जाने से शांति कायम होने की उम्मीदें धूमिल पड़ रही हैं। हमलों का जख्म इतना गहरा है कि उसकी कीमत प्राय: निर्दोष लोग चुका रहे हैं, जिनका युद्ध से कोई वास्ता नहीं।सबसे दुखद यह कि कई बड़े और यहां तक कि छोटे देश भी युद्ध संबंधी अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों को मानने के लिए तैयार नहीं। पूरी दुनिया ने गाजा से लेकर यूक्रेन और तेहरान तक यह देखा है कि किस तरह उन ठिकानों पर भी हमले किए गए, जो नियम के विरुद्ध था।पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चल रहे सैन्य टकराव के बीच सोमवार रात जो दृश्य सामने आया, उससे साबित हो गया कि मानवीय संवेदनाओं के सारे तकाजों को ताक पर रख दिया गया है। यह बेहद दुखद है कि अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पाकिस्तानी हवाई हमले में एक अस्पताल को निशाना बनाया गया, जिससे चार सौ बेकसूर लोगों की मौत हो गई।भारत ने इस मामले में उचित ही सवाल उठाया है कि रमजान के पवित्र माह में इस हवाई बमबारी को किस तरह से देखा जाए। युद्ध के दौरान गैरजरूरी हिंसा रोकने और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए बनाए गए नियमों में स्पष्ट कहा गया है कि जंग के दौरान आम नागरिकों, स्कूल-अस्पताल और शरण लेने वाली जगहों को निशाना नहीं बनाया जाएगा।कोई देश रिहाइशी इलाकों, अस्पतालों, विद्यालयों और राहत केंद्रों पर हमला करता है, तो यह युद्ध अपराध है। मगर मानवीय तकाजे के बावजूद नियमों को ताक पर रख कर हमले किए जा रहे हैं, तो इसका मकसद क्या है? आज युद्ध की भयावह तस्वीरें हमारे पड़ोस से लेकर पूरे मध्य-पूर्व में दिखाई दे रही हैं। सैन्य हमलों में लोग बेघर हो रहे हैं। वे शरणार्थी शिविरों में रहने के लिए मजबूर हैं। बिजली-पानी और स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में उनका जीवन बदतर हो गया है। हवाई बमबारी में विद्यालयों और अस्पतालों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। मासूम बच्चे और निर्दोष नागरिक मारे जा रहे हैं, तो इसे रोकने की जिम्मेदारी किसकी है? अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला किया था। युद्ध अभी भी जारी है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को करारा झटका लगा है। राष्ट्रपति ट्रंप के नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर के डायरेक्टर जो केंट ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इसके पीछे की वजह ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू करना बताया। जो केंट ने अपने इस्तीफे में कहा कि ईरान से हमारे देश को कोई तत्काल खतरा नहीं था। वहीं दूसरी तरफ ईरान और इजराईल के बीच युद्ध को रोकने की बजाय अमेरिका अपने हित साधने में जुटा हुआ है। आखिर कब तक बेकसूरों को अपनी जान की बाजी लगानी पढ़ेगी और युद्ध संबंधी अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों की अनदेखी करने वालों को खुली छूट मिलती रहेगी यह बेहद चिंता का विषय बनता जा रहा है।

# एआई और डिजिटल युग में मीडिया शिक्षा की चुनौतियों पर मंथन

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह सेवानिवृत्त ने लोक भवन में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के मीडिया एवं जनसंचार विभागों के विभागाध्यक्षों व डीन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। षएआई युग और डिजिटल सूचना पारिस्थितिकी तंत्र में मीडिया शिक्षा: चुनौतियाँ, नैतिकता और अवसरष विषय पर आयोजित इस बैठक में राज्यपाल ने कहा कि एआई और डिजिटल मीडिया ने सूचना के आदान प्रदान के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। उन्होंने जोर दिया कि मीडिया शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ अच्छे पत्रकार बनाना ही नहीं बल्कि जिम्मेदार नागरिक तैयार करना भी होना चाहिए।राज्यपाल ने फेक न्यूज और गलत जानकारी को वर्तमान समय की बड़ी चुनौती बताते हुए विश्वविद्यालयों से पाठ्यक्रम में एआई, डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल सुरक्षा और फैक्ट चेकिंग जैसे विषयों को शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने पत्रकारों की आर्थिक स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता पर बल देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में स्टार्टअप और नवाचार को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।



राज्यपाल ने स्पष्ट किया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग राष्ट्र और समाजहित में होना चाहिए और इसके सदुपयोग के लिए व्यापक जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के संवाद नियमित रूप से आयोजित करने की बात कही।दून विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित इस बैठक में विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए विशेषज्ञों ने भी अपने विचार रखे। प्रतिभागियों ने कहा कि एआई को एक उपकरण के रूप में समझदारी से अपनाना चाहिए न कि उस पर पूर्ण निर्भरता विकसित करनी चाहिए। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के लिए एक्सचेंज प्रोग्राम संचालित करने और स्वदेशी दृष्टिकोण के अनुरूप एआई टूल्स विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि भारतीय जरूरतों के अनुसार मीडिया क्षेत्र को सशक्त बनाया जा सके।बैठक में अपर सचिव राज्यपाल रीना जोशी, संयुक्त निदेशक सूचना नितिन उपाध्याय, दून विश्वविद्यालय से राजेश कुमार, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय से राकेश रयाल, यूपीईएस से अमरेश झा, ग्राफिक एरा से ताहा सिद्दीकी, डीबीएस ग्लोबल से जयवीर सिंह, उत्तरांचल विश्वविद्यालय से कार्तिकेय गौड़, देव भूमि विश्वविद्यालय से रवि शंकर उपाध्याय, कोर विश्वविद्यालय से पराग रंजन, सुभारती विश्वविद्यालय से शील शुक्ला, एसजीआरआर विश्वविद्यालय से आशीष कुलश्रेष्ठ, स्पर्श हिमालय विश्वविद्यालय से पूजा डबास और तुलास इंस्टीट्यूट से तौसिफ इकबाल उपस्थित रहे।

# नर सेवा ही नारायण सेवा की भावना के साथ वितरित किया प्रसाद

रुद्रपुर। "नर सेवा ही नारायण सेवा" की भावना को आत्मसात करते हुए आयोजित प्रसाद सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ पंकज मित्तल, महेंद्र मित्तल, बिजेंद्र मित्तल, अमित मित्तल, भाजपा नेता सत्यप्रकाश यादव, शिव मंदिर 84 घंटा कमेटी के उपाध्यक्ष विनोद कुमार, कोषाध्यक्ष शंकर कोली, महामंत्री किशन कोली, सदस्य कपिल कोली, एचडीएफसी बैंक के मैनेजर निखिल चंडोक, एडवोकेट करन चंडोक, प्रमोद यादव एवं रजनी यादव के करकमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रमोद यादव के सुपुत्र यश यादव को उपस्थित लोगों ने जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिव मंदिर 84 घंटा कमेटी, रामपुरा के पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया



गया। सेवा कार्यक्रम का संचालन भाजपा के जिला मंत्री एडवोकेट प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम में संस्कार भारती के अध्यक्ष कुशल अग्रवाल सहित जितेंद्र साहनी, ओम अग्रवाल, राजेश ग्रोवर, प्रमोद यादव, नितिन अग्रवाल, राजेश कामरा, मनीष मित्तल, सुधीर डागर, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष अशोक सिंह नेगी, रवि अग्रवाल, सुनील पचौरी, अमन अग्रवाल समेत कई लोगों का सहयोग रहा। इस मौके पर एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने कहा कि "नर सेवा ही नारायण सेवा सबसे बड़ी सेवा है।" उन्होंने बताया कि उनकी टीम लंबे समय से सेवा भाव के साथ कार्य कर रही है और भविष्य में भी इसे निरंतर जारी रखने का प्रयास किया जाएगा। क्षेत्रवासियों के सहयोग से यह सेवा लगातार सशक्त हो रही है। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री हनुमान जी, शिवलिंग एवं महाराजा अग्रसेन जी की पूजा-अर्चना से की गई, जिसके बाद भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। सेवा में सर्व समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

# टिड्डी दल के हमले से बचाव को लेकर दरऊ में हुआ मॉक ड्रिल

## कृषि विभाग ने ड्रोन से दागा कीटनाशक और किसानों को सिखाए सुरक्षा के गुर

किच्छा (उद संवाददाता)। कृषि विभाग द्वारा ग्राम दरऊ में गेहूं की फसल को टिड्डी दल के संभावित हमले से बचाने के लिए एक विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में जहां आधुनिक तकनीक का प्रदर्शन करते हुए ड्रोन के माध्यम से दवाओं का छिड़काव किया गया, वहीं पारंपरिक तरीके अपनाते हुए थाली और ढोल नगाड़े बजाकर टिड्डियों को भगाने का अभ्यास संपन्न किया गया। तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि रुद्रपुर ब्लॉक के माध्यम से क्षेत्र में फसलों को टिड्डियों के प्रकोप से बचाने के लिए किसानों को निरंतर प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि किसी भी आपात स्थिति में मेहनत से उगाई गई फसलों को सुरक्षित रखा जा सके।तहसीलदार ने कहा कि वर्तमान समय में फसलें पककर तैयार हो रही हैं, ऐसे में विभिन्न प्रकार के कीट पतंगों का हमला होने का खतरा बना रहता है। झरोखे के प्रधान पति गफ्फार खान ने जानकारी दी कि रुद्रपुर ब्लॉक द्वारा कृषि विभाग के समन्वय से किसानों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत दरऊ क्षेत्र में यह अभ्यास किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि हालांकि वर्तमान में फसलों पर ऐसा कोई प्रकोप दिखाई नहीं दे रहा है, लेकिन बदलते मौसम और खड़ी फसल की सुरक्षा के लिए विभाग, ग्राम प्रधानों और प्रशासन के सहयोग से पूर्व तैयारी कर रहा है।मॉक ड्रिल के दौरान कृषि विभाग की टीम ने किसानों को टिड्डियों या अन्य बीमारियों से बचने के वैज्ञानिक और पारंपरिक तरीके सिखाए। इस दौरान विशेष रूप से थाली एवं नगाड़ बजाकर ध्वनि विस्तारक माध्यमों का प्रदर्शन किया गया और कीटनाशकों के छिड़काव की विधि बताई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से कृषि अधिकारी, विधि अधिकारी, कोतवाली प्रभारी प्रकाश सिंह दानू, उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, इश्तियाक खान, मुरारी लाल, सादिक अंसारी, जाहिद खान, मोहनलाल, भूप सिंह सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।





# लखीमपुर में सिख परिवार के साथ बर्बरता पर रोष

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।उत्तर प्रदेश के जनपद लखीमपुर में सिख समुदाय के एक परिवार के साथ कथित बर्बरता की घटना को लेकर नानकमत्ता क्षेत्र में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस घटना के विरोध में गुरुद्वारा कमेटी नानकमत्ता ने कड़ा रुख अपनाते हुए अपना विरोध दर्ज कराया है।जानकारी के अनुसार, लखीमपुर जिले के थाना मैगलगंज चौकी क्षेत्र में कालीचरण की गुमशुदगी के मामले में धर्म सिंह और उनके परिवार के सदस्यों के साथ कथित रूप से बर्बरता पूर्वक मारपीट की गई। इस घटना के सामने आने के बाद सिख समाज में गहरा रोष व्याप्त है।धर्म प्रचारक कमेटी के अध्यक्ष सरदार गुरबाज सिंह के नेतृत्व में गुरुद्वारा कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही लखीमपुर जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात करेगा और मामले की वास्तविक स्थिति का जायजा लेगा। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों से भी इस संबंध में वार्ता की जाएगी। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान जोगिंदर सिंह संधु ने बताया कि इस घटना को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत संबंधित उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।घटना की निंदा करने वालों में सरदार महासचिव अमरजीत सिंह बोपराय , हरभजन सिंह, सुखवंत सिंह पन्नू, कुलदीप सिंह, गुरवंत सिंह,प्रकाश सिंह, जरनैल सिंह हरभाग सिंह, शामिल रहे।



# ओवरलोड मिट्टी डंपर को किया सीज

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।क्षेत्र में लंबे समय से ओवरलोड मिट्टी से भरे डंपरों के संचालन की शिकायतों के बीच परिवहन विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक डंपर को पकड़कर सीज कर दिया। एआरटीओ रुद्रपुर की टीम द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान ओवरलोड डंपर को पकड़ा गया और आगे की कार्रवाई के लिए नानकमत्ता पुलिस के हवाले कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में ओवरलोड डंपर बेखौफ दौड़ रहे थे। इन डंपरों के कारण सड़क सुरक्षा पर खतरा बना हुआ था, साथ ही नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही थी। लोगों ने आरोप लगाया कि यह सब पुलिस प्रशासन की नजरों के सामने हो रहा था, बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही थी।एआरटीओ रुद्रपुर द्वारा चेकिंग के दौरान पकड़े गए डंपर को ओवरलोड मिट्टी के साथ मौके पर ही सीज कर दिया गया। इसके बाद वाहन को नानकमत्ता पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया, ताकि आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा सके। कोतवाल मंजू पांडे ने बताया कि एआरटीओ टीम द्वारा पकड़े गए ओवरलोड डंपर को पुलिस के हवाले किया गया है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध खनन और ओवरलोडिंग को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नियमित अभियान चलाकर ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।



# चौकी के अतिक्रमण से सौंदर्यीकरण कार्य रुका

सितारगंज। नकुलिया चौक पर संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर चौक और बाबा साहेब की प्रतिमा के सामने वन विभाग की चौकी और अन्य अतिक्रमण से सौंदर्य करण का कार्य प्रभावित हो गया है। इस मामले में आदर्श अंबेडकर संस्था के प्रबंधक ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है। आदर्श अंबेडकर संस्था के प्रबंधक एवं अनुसूचित मोर्चा जिला उपाध्यक्ष भीष्म नारायण विद्रोही ने आरोप लगाया है कि नकुलिया चौराहे पर बाबा भीमराव अंबेडकर पार्क और विद्यालय के समीप वन विभाग की चौकी और अवैध कब्जों के कारण सौंदर्य करण का कार्य रुका हुआ है। वर्तमान में वन विभाग की चौकी को बंद कर दिया गया है। आरोप लगाया वन विभाग की चौकी के कारण बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के आसपास गंदगी रहती है। इसके अलावा वन विभाग की चौकी के कारण आसपास अन्य लोगों ने भी कब्जे कर लिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बंद हो चुकी चौकी को हटाने के लिए उन्होंने दो बार बहुउद्देशीय शिविर में शिकायत पंजीकरण कराई है। पिछले साल 17 दिसंबर को एसडीएम ने तहसीलदार को पत्र लिखकर बाबा भीमराव अंबेडकर पार्क विद्यालय के आसपास से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। लेकिन अभी तक उसे मामले में कोई भी कार्रवाई नहीं हो पाई है।



# महावारुणी गंगा स्नान पर्व हुआ संपन्न



शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। मतुआ धर्म के संस्थापक हरिचांद ठाकुर की 215वीं जयंती के पावन अवसर पर शक्तिफार्म स्थित हरि गुरुचांद धर्म मंदिर में आयोजित महावारुणी गंगा स्नान पर्व आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम बन गया। मंदिर परिसर स्थित कामना सागर में हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा की डुबकी लगाकर सुख समृद्धि की कामना की। पूरे क्षेत्र में जय हरिबोल के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। सोमवार से ही पीलीभीत, बरेली, लखीमपुर, मेरठ और बिजनौर समेत दूरदराज क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के जत्थे मंदिर पहुंचने लगे थे। मंगलवार सुबह मधु कृष्ण त्रयोदशी के शुभ मुहूर्त में मतुआ संतों द्वारा विधिवत गंगा पूजन के बाद हरिनाम संकीर्तन के साथ महावारुणी स्नान का शुभारंभ हुआ। मतुआ संतों ने श्रद्धालुओं को हरिचांद ठाकुर के उपदेशों का पालन करने का संदेश देते हुए सत्य, पवित्रता, प्रेम और समानता का मार्ग अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जाति भेद और अन्य धर्मों की निंदा से दूर रहकर अच्छे कर्म और हरि नाम का जाप ही जीवन का सच्चा मार्ग है। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद मंदिर में अनाज, फल और प्रसाद अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं व्यक्त कीं। मंदिर परिसर में दिनभर अखंड हरिनाम कीर्तन और विशाल भंडारे का आयोजन चलता रहा जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान लाल मतुआ ध्वज थामे श्रद्धालु ढोल मंजीरों की धुन पर हरि बोल के उद्घोष के साथ नाचते गाते मंदिर पहुंचे। विभिन्न जत्थों ने परिक्रमा कर महावारुणी स्नान में भाग लिया जिनका आयोजन समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सौरभ बहुगुणा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं श्रद्धालु निवास भवन निर्माण का आश्वासन दिया। वहीं ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल ने कामना सागर में हाईमास्ट लाइट, भंडारा स्थल पर पेयजल व्यवस्था और बर्तन स्टैंड निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष जयंत मंडल, सचिव तापस मिस्त्री, जयंत मंडल, तापस मिस्त्री सहित कई गणमान्य लोग और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# देहरादून से पिथौरागढ़ के बीच शुरू होगी नियमित हवाई सेवा

देहरादून (उद संवाददाता)। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर सूचित किया है कि देहरादून से पिथौरागढ़ के बीच आरसीएस उड़ान सेवा जल्द शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते दिनों केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखकर इस मार्ग पर हवाई सेवाओं को सुदृढ़ करने का अनुरोध किया था। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि क्षेत्रीय संपर्क योजना के तहत मैसर्स स्काईहॉप एविएशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जरूरी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। प्रक्रिया संपन्न होते ही कंपनी द्वारा इस मार्ग पर उड़ानों का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार अन्य विमानन कंपनियों से भी इस रूट पर नियमित सेवाओं के लिए संपर्क कर रही है।एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम में केंद्र सरकार ने उत्तराखंड में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कार्यों को लेकर बड़ी राहत दी है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजकर जानकारी दी है कि पीएमजीएसवाई के प्रथम चरण के अवशेष भुगतान के साथ ही दूसरे और तीसरे चरण के कार्यों को पूरा करने की समय सीमा मार्च 2027 तक विस्तारित कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार राज्य को लगातार सहयोग प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार पिथौरागढ़ और देहरादून के बीच नियमित हवाई सेवा शुरू करने के लिए निरंतर प्रयासरत है जिससे सीमांत क्षेत्र के लोगों का सीधा संपर्क राजधानी से स्थापित हो सकेगा।

# सिल्वरजोन इंटरनेशनल ओलंपियाड में भानु प्रताप पब्लिक स्कूल का जलवा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भानु प्रताप पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सिल्वरजोन इंटरनेशनल ओलंपियाड 2025.26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। हिंदी एवं विज्ञान दोनों विषयों के ओलंपियाड में विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त की है। हिंदी ओलंपियाड के समेकित परिणामों में कक्षा 6 के विद्यार्थियों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। इसमें अर्शिता ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मेडल ऑफ एक्सीलेंस गोल्ड और कक्षा टॉपर का खिताब जीता। वहीं शेना सैनी ने द्वितीय और गगनदीप कौर ने तृतीय स्थान हासिल किया।विज्ञान ओलंपियाड में भी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कक्षा 7 की इशिता चौरसिया ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए मेडल ऑफ एक्सीलेंस गोल्ड और कक्षा टॉपर का गौरव प्राप्त किया। कक्षा 5 से तनिष्का राठौर ने प्रथम स्थान और कक्षा 7 से मोहित बिष्ट ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने सभी विजेता विद्यार्थियों तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। उन्होंने विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन एवं लगन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सतत सहयोग का सुखद परिणाम है। उन्होंने दोहराया कि भानु प्रताप पब्लिक स्कूल सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है। सभी विजेताओं की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल है और सभी ने एक सुर में छात्र-छात्राओं के प्रयासों को सराहा है।



# आम और लीची के बौर से बढ़ी एलजी

रामनगर (उद संवाददाता)। इन दिनों रामनगर के आम और लीची के बागानों में बौर आने का सीजन चल रहा है। बागानों से उठने वाली महक जहां वातावरण को सुगंधित बना रही है, वहीं हवा में तैरते परागकण लोगों के स्वास्थ्य के लिए बड़ी मुसीबत बन गए हैं। खासकर अस्थमा के मरीजों और एलर्जी से संवेदनशील लोगों में आंखों में जलन, खुजली, लगातार छींकें आने और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। स्थानीय डॉक्टरों के अनुसार पिछले कुछ दिनों में अस्पतालों और निजी क्लीनिकों में एलर्जी और श्वसन संबंधी मरीजों की संख्या में भारी इजाफा देखा जा रहा है।वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ रजा बैग ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि फरवरी से अप्रैल के बीच आम, लीची और अन्य वनस्पतियों में फूल आने का समय होता है। इस दौरान वातावरण में परागकणों की मात्रा अत्यधिक बढ़ जाती है, जिससे लोगों को एलर्जी की शिकायत होने लगती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब ये कण शरीर में प्रवेश करते हैं, तो रोग प्रतिरोधक क्षमता इनके प्रति प्रतिक्रिया करती है, जिसके परिणामस्वरूप आंखों का लाल होना, पानी आना और सांस की दिक्कत जैसे लक्षण सामने आते हैं।डॉक्टर रजा बैग ने आमजन को सलाह दी है कि इस मौसम में सुबह के समय बाहर निकलते समय मास्क का अनिवार्य रूप से उपयोग करें और घने बागानों वाले क्षेत्रों से उचित दूरी बनाए रखें। बाहर से घर लौटने पर हाथ और चेहरा साफ पानी से धोना और आंखों की सुरक्षा के लिए बड़े फ्रेम का चश्मा पहनना बचाव में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि परेशानी अधिक महसूस हो, तो तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेकर एंटी एलर्जी दवाइयां शुरू करें। इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही समस्या को गंभीर बना सकती है, इसलिए समय रहते सावधानी बरतना आवश्यक है।



# पेज एक का शेष...

**मिशन २०२७ के लिए जुटें....**की सराहना करते हुए दुष्यंत गौतम ने कहा कि पिछले चार वर्षों में उत्तराखंड ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। धामी सरकार ने अपने कड़े और ऐतिहासिक फैसलों से पूरे देश के सामने नजीर पेश की है। आज मुख्यमंत्री राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप उत्तराखंड का निर्माण करने के लिए दिन-रात एक कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि धामी जी इस सदी के तीसरे दशक को उत्तराखंड का दशक बनाने के संकल्प को सिद्ध कर रहे हैं। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और कार्यकर्ताओं के सामर्थ्य के दम पर प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना तय है। उन्होंने विधायकों की कार्यशैली की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि जनता भाजपा की राष्ट्रवादी सांस्कृतिक विचारधारा के साथ मजबूती से खड़ी है। प्रदेश की जनता को केंद्र और राज्य की श्डबल इंजनश सरकार के विकास कार्यों पर अटूट भरोसा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि सभी संवैधानिक प्रक्रियाओं में बढ़-चढ़कर सहयोग करें ताकि एक स्वस्थ और सशक्त लोकतंत्र का निर्माण हो सके। विधायक शिव अरोरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व विकास कार्य हमारी सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि आज सरकार की योजनाएं अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँच रही हैं और कार्यकर्ता इन उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएं। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र सहित पूरे जिले में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है और संगठन के निर्देशानुसार हर कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि धामी सरकार की नीतियां आगामी 2027 में भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक बार फिर प्रचण्ड बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। सम्मेलन के दौरान एसआईआर को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महापौर विकास शर्मा, विधायक शिव अरोरा, तरुण दत्ता, सुरेश कोली, राजेश जग्गा, रामपाल सिंह, सुशील चौहान सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**विकास कार्यों में देरी...**की समीक्षा करते हुए उन्होंने मानस खंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत 41 करोड़ रुपये के कैंची धाम सौंदर्यीकरण कार्य को जून 2026 तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए। पेयजल कार्यों की समीक्षा में उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने को कहा ताकि गर्मी के सीजन में लोगों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। इसमें मुख्य रूप से 24 करोड़ की इंद्रानगर नाला सीवरेज योजना और 23 करोड़ की कालाआगर पंपिंग योजना को समय से पूरा करने पर जोर दिया गया।सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने 3678.23 करोड़ रुपये की लागत वाली जमरानी बांध परियोजना की प्रगति जानी और इसे जून 2029 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना की टनल निर्माण तकनीक का अध्ययन करने की भी सलाह दी। इसके अलावा बलियानाला भूस्खलन उपचार कार्य को 2028 तक पूरा करने, काठगोदाम में 67 करोड़ की लागत से बन रहे बस टर्मिनल और रामनगर में 28 करोड़ के रोडवेज डिपो निर्माण में गुणवत्ता व समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। ब्रिडकुल के अधिकारियों को कुमाऊं विश्वविद्यालय के विधि संकाय भवन, गेठिया के मानसिक चिकित्सालय और स्टेट कैंसर संस्थान के निर्माण कार्यों में आई सुस्ती पर फटकार लगाते हुए काम में तेजी लाने को कहा गया। हल्द्वानी शहर के सीवरेज पैकेज और 397 करोड़ के नमो भवन की देरी पर उन्होंने कुमाऊं आयुक्त से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।बैठक में कुमाऊं आयुक्त व मुख्यमंत्री के सचिव दीपक रावत ने विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति से मुख्य सचिव को अवगत कराया। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि जिले में राजस्व विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर 21452 वारिसानों के नाम दर्ज किए गए हैं और 2207 राजस्व विवादों में से 2056 का निस्तारण कर दिया गया है। सरकारी संपत्तियों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी गतिमान है। सेवा का अधिकार के तहत 12101 आवेदनों का त्वरित निस्तारण किया गया और श्जन-जन की सरकार जन-जन के द्वारश कार्यक्रम के तहत 50 शिविरों में 10746 लोगों को सीधा लाभ पहुंचाया गया। शिविरों में प्राप्त 3671 शिकायतों में से 3162 का मौके पर ही समाधान किया गया।मुख्य सचिव ने वन्य जीव संघर्ष के मामलों में प्रभावित परिवारों को 2 करोड़ 91 लाख रुपये की मुआवजा राशि वितरित होने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने जिले में नेटवर्क कनेक्टिविटी सुधारने के लिए मोबाइल टावरों के प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृत करने और भवाली बायपास सहित आवश्यक स्थानों पर यात्रा सीजन से पूर्व स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी ने यात्रा सीजन के ट्रैफिक प्लान और नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान की जानकारी दी। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे, पुलिस अधीक्षक डॉ. जगदीश चंद्रा, मनोज कत्याल, अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी सहित लोक निर्माण और पेयजल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**नवरात्र पर मंदिरों को ...**में पूर्णत: स्वच्छ और भक्तिमय वातावरण मिले। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर शहर के प्रमुख मंदिर न केवल स्वच्छता से महकेंगे, बल्कि उन्हें भव्य साज-सज्जा और आकर्षक रोशनी से भी जगमगाया जाएगा। महापौर ने कहा कि इन नौ दिनों में मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ती है, जिसे देखते हुए सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए अतिरिक्त टीमें तैनात की गई हैं। नगर निगम ने मंदिरों की सुंदरता बढ़ाने के लिए विशेष योजना बनाई है, जिसके तहत देवालयों को लाइटों और फूलों की मालाओं से सजाया जाएगा।महापौर विकास शर्मा ने आगे कहा कि पिछले वर्ष नगर निगम ने नवरात्र पर मंदिरों को सजाने की जो अनूठी परंपरा शुरू की थी, उसे इस बार और भी भव्य रूप दिया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि जब भक्त माता के दर्शन करने आएं, तो उन्हें पूरे शहर में उत्सव और सकारात्मक ऊर्जा का अहसास हो। नवरात्र की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि यह पर्व हमारी प्राचीन सनातनी संस्कृति और गौरवशाली सभ्यता का अटूट हिस्सा है। शक्ति की आराधना का यह अनुष्ठान हमें अपने भीतर की बुराइयों का त्याग कर अच्छाई और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। नगर निगम प्रशासन अपनी ओर से हर संभव प्रयास कर रहा है कि धार्मिक स्थलों की गरिमा और स्वच्छता बनी रहे।इस अवसर पर मुख्य बाजार के पार्षद चिराग कालड़ा, सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, राजन राठौर, मोहन तिवारी, राजू नबियाल, अमित अरोरा, बॉबी, विजय तोमर, राकेश अरोरा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और निगम कर्मचारी उपस्थित रहे।

**गोलीकांड मामले का ..**के पास उसने अपने साथी अरुण गुप्ता के साथ मिलकर राजेंद्र नाम के व्यक्ति पर गोली चलाई थी। अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उस वक्त भी उसने इसी बरामद तमंचे का इस्तेमाल किया था। बता दें कि अभियुक्त के विरुद्ध थाना ट्रांजिट कैंप में पहले से ही बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा (मु0अ0सं0 179/25) पंजीकृत है, जिसकी जांच उपनिरीक्षक कीर्ति भट्ट द्वारा की जा रही है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक अकरम अहमद के साथ हेड कांस्टेबल अजय शाही और कांस्टेबल जगमोहन गौड़ शामिल रहे। पुलिस ने मौके पर ही ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से विधिक कार्यवाही पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

**तेज रफ्तार डंपर ..** अनिल चार भाइयों में तीसरे नंबर का था और अपने मिलनसार स्वभाव के कारण दोस्तों के बीच काफी लोकप्रिय था। उसके माता-पिता गांव में ही खेती-किसानी करते हैं।पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सैनी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि हादसे के बाद घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई है। पुलिस ने डम्पर को सीज कर दिया है और चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सीओ ने स्पष्ट किया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही मामले में संबंधित धाराओं के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

**दुकान में भीषण आग ..**है कि पीड़ित जयंत बैरागी को हुए आर्थिक नुकसान का उचित आकलन कर उन्हें जल्द से जल्द मुआवजा प्रदान किया जाए। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है, अंदेशा जताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से यह हादसा हुआ होगा। इस घटना के बाद से स्थानीय व्यापारियों और निवासियों में चिंता का माहौल है। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे जिन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

**पुलिस की तत्परता...**पर यह स्पष्ट हुआ कि बालिका के साथ किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना नहीं हुई है। इसके बाद पुलिस ने किशोरी को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक मनोज जोशी और महिला कांस्टेबल बबीता रानी शामिल रहीं।

# नाबालिग को भगा ले गया पड़ोसी

काशीपुर। आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पैगा चौकी पुलिस को तहरीर देकर पड़ोसी युवक पर नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। चौकी क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ग्राम बरखेड़ा पांडे निवासी पड़ोस में रहने वाला मुकेश पुत्र वीर सिंह उसकी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर कहीं भाग ले गया। इस बारे में आरोपी तथा उसके परिजनों से पूछताछ करने पर पीड़ित पक्ष को जान से मारने की धमकी दी जा रही है।


## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सुकीरीति गुप्ता (SUKIRITI GUPTA) से बदलकर सुकीर्ति गुप्ता (SUKIRTI GUPTA) रख लिया है। भविष्य में मुझे सुकीर्ति गुप्ता (SUKIRTI GUPTA) के नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

सुकीर्ति गुप्ता पत्नी श्री नीरज गुप्ता, निवासी- ए-1131, राजेंद्र नगर, आवास विकास, थाना-प्रेमनगर, बरेली, उत्तर प्रदेश, Pincode - 243001



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# राजनाथ की जनसभा में होगा दावेदारों का शक्ति परीक्षण

## 21 मार्च को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की हल्द्वानी में विशाल जनसभा की तैयारी में जुटी भाजपा

देहरादून(उद संवाददाता)। पुष्कर सिंह धामी सरकार ने चार साल पहले 23 मार्च को शपथ ली थी, सरकार के चार साल पूरे होने पर राष्ट्रीय नेताओं की बड़ी जनसभाओं के जरिए जश्न मनाने का दौर चल रहा है ।हरिद्वार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे के बाद अब 21 मार्च को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की हल्द्वानी में विशाल जनसभा की तैयारी चल रही है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ,नारायण दत्त तिवारी के बाद सबसे लंबे समय तक देवभूमि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के कार्यकाल वाले नेता बन चुके है। वे लगातार साढ़े चार साल से अधिक, सरकार का नेतृत्व कर चुके है।वे ऐसे नेता भी है जो स्वयं विधान सभा चुनाव हारने के बाद भी मुख्यमंत्री बने क्योंकि उनके नेतृत्व में बीजेपी ने दोबारा सत्ता में न आने का मिथक तोड़ा।हल्द्वानी ,कुमायूं का प्रवेश द्वार है जहां 21 मार्च को सरकार के चार साल पूरे होने का कार्यक्रम है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की जनसभा मोतीराम बाबू राम इंटर कॉलेज मैदान में रखी गई है। जहां पूर्व में उनकी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी जनसभाएं हो चुकी है।जानकारी के मुताबिक जनसभा के लिए पच्चास हजार लोगों की भीड़ जुटाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को लक्ष्य दिए गए है। संगठन की ओर से प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल को कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया है। खबर है कि



संगठन ने 15 विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों,दायित्वधारियों, विधानसभा क्षेत्र में टिकट के दावेदारों को भीड़ जुटाने के लिए टारगेट दिए गए हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि ये दावेदारों का शक्ति परीक्षण है कि कौन कितना क्षेत्र में प्रभाव रखता हैं ,पार्टी और स्वयं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस विषय पर नजर रखे हुए है कि कौन कौन टिकट का दावेदार कितना कार्यकर्ताओं में और समाज में अपनी पकड़ रखता है।2027 में विधानसभा चुनाव है ,एक साल बचा है धामी सरकार और पार्टी संगठन चुनावी मोड में आ गए है। धामी सरकार की उपलब्धियां कैसे पब्लिक के बीच पहुंचे इसके लिए बड़े नेताओं की रैलियों का आयोजन किया जा रहा हैं।पार्टी सूत्रों के मुताबिक जानकारी के मुताबिक मैदानी क्षेत्र में दो बड़ी जनसभाओं के बाद अगली जनसभाएं श्रीनगर गढ़वाल, उत्तरकाशी,अल्मोड़ा पिथौरागढ़ में प्रस्तावित है।फिलहाल बीजेपी चुनावी मोड में आ चुकी है, सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच लेजाने के साथ साथ पार्टी उन नेताओं पर भी नजर रख रही है जोकि विधान सभा चुनाव में टिकट के दावेदार है।ये भी तय है कि इस बार भी पिछले विधानसभा चुनाव की तरह कई विधायकों के टिकट कट सकते है और नए युवा नेताओं को मौका दिया जा सकता है। खबर ये भी है कि केंद्रीय नेतृत्व ने सभी विधानसभा सीटों पर दावेदारों के सर्वे भी शुरू करवा दिए है। बरहाल राजनाथ सिंह की जनसभा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। रक्षा मंत्री 21 मार्च को सुबह पहले बरेली आयेंगे उसके बाद नैनीताल घोड़ाखाल सैनिक स्कूल के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। राजनाथ सिंह दिन में डेढ़ बजे सवा तीन बजे तक हल्द्वानी कार्यक्रम में रहेंगे उसके बाद बरेली वापसी करेंगे।






# टीडीसी कॉलोनी नगला में मंदिर के समीप कूड़े के ढेर से श्रद्धालु परेशान

पंतनगर (उद संवाददाता)। पंतनगर विश्वविद्यालय के सफाई विभाग की भारी लापरवाही के चलते टीडीसी कॉलोनी नगला में गंदगी का अंबार लग गया है। विश्वविद्यालय के सफाई विभाग द्वारा मंदिर के समीप स्थापित कूड़ेदान को किसान मेले के दृष्टिगत वहां से हटा लिया गया है, जिसके बाद से स्थिति और भी विकट हो गई है। कूड़ेदान न होने और समय पर कूड़ा न उठाए जाने के कारण मुख्य मार्ग पर गंदगी फैली रहती है। इस कूड़े को आवारा पशुओं और बंदरों द्वारा सड़क पर बिखेरा जा रहा है, जिससे कॉलोनी वासियों और मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को आवाजाही में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।क्षेत्र में फैली इस गंदगी के कारण स्थानीय निवासियों में गंभीर बीमारियों के फैलने का भय व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में नगला नगर पालिका द्वारा टीडीसी कॉलोनी की सफाई व्यवस्था



सुचारू रूप से कराई जा रही थी, लेकिन पालिका कर्मियों का आरोप है कि पालिका के सफाई वाहन को पंतनगर विश्वविद्यालय के नगला मुख्य द्वार से प्रवेश करने पर प्रतिबंधित कर दिया गया है। वर्तमान में नगर पालिका अध्यक्ष का आवास भी इसी टीडीसी कॉलोनी में स्थित है और परिसर में भूमि जल संचय हेतु करोड़ों की परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं, इसके बावजूद सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।टीडीसी कॉलोनी के निवासियों ने पुरजोर मांग की है कि या तो पंतनगर विश्वविद्यालय स्वयं इस क्षेत्र की नियमित साफ–सफाई सुनिश्चित करे, अन्यथा नगर पालिका नगला के सफाई वाहनों को परिसर में प्रवेश की अनुमति प्रदान की जाए। स्थानीय लोगों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि सफाई विभाग द्वारा कूड़े के निस्तारण की पूर्ण व्यवस्था तत्काल प्रभाव से की जाए ताकि जनता को इस नारकीय स्थिति से निजात मिल सके।

# मॉक ड्रिल में रेस्क्यू टीमों ने दिखाया दमखम

गदरपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बुधवार को भूकंप आपदा से निपटने के लिए एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास के



दौरान भवन क्षतिग्रस्त होने और कई लोगों के घायल होने की काल्पनिक सूचना प्रसारित की गई, जिसके बाद पुलिस प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फायर ब्रिगेड और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाला। रेस्क्यू टीमों ने तत्परता दिखाते हुए मलबे में फंसे घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जबकि मामूली रूप से चोटिल लोगों को सीएचसी परिसर में ही प्राथमिक उपचार दिया गया।मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा की स्थिति को शीघ्र नियंत्रित करने, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और समयबद्ध कार्रवाई का कड़ा अभ्यास किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के नियमित अभ्यासों से वास्तविक आपदा के समय बेहतर प्रबंधन और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सकती है। कार्यक्रम में मौजूद उप जिलाधिकारी रिचा सिंह ने टीमों की तत्परता और आपसी तालमेल की सराहना की। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के अभ्यास लगातार आयोजित किए जाएंगे ताकि किसी भी वास्तविक आपात स्थिति में जनहानि को कम से कम किया जा सके। इस दौरान राहत एवं बचाव कार्यो से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# एसडीएम पांडे ने सुनी समस्याएं

किच्छा। नगर स्थित तहसील परिसर में आयोजित तहसील दिवस पर उप जिलाधिकारी गौरव पांडे ने समस्याएं लेकर पहुंचे तमाम लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना। इस दौरान तमाम लोगों द्वारा अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं दर्ज कराते हुए जल्द समाधान का आग्रह किया गया। तहसील दिवस पर उप जिलाधिकारी गौरव पांडे ने शिकायतें लेकर पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस पर दर्ज की गई समस्याओं का



समाधान प्राथमिकता से किया जाना चाहिए तथा किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निवारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी– कर्मचारी के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान तमाम लोगों द्वारा भूमि पैमाईश, राशन कार्ड, आधार कार्ड, खतौनी आदि से संबंधित समस्याएं दर्ज कराई गई। मौके पर तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, पटवारी दीपक सिंह सहित तमाम विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# हल्द्वानी स्टेडियम में बाउंसरों का हंगामा

## सुरक्षा में तैनात बाउंसरों ने वेतन न मिलने के विरोध में काम रोका

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित हो रही लेजेंड्स लीग क्रिकेट के दौरान उस वक्त अफरा–तफरी मच गई, जब सुरक्षा में तैनात बाउंसरों ने वेतन न मिलने के विरोध में काम रोक दिया। बाउंसरों ने स्टेडियम के मुख्य गेट बंद कर दिए जिससे खिलाड़ियों और स्टाफ की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई और खिलाड़ियों की बसें परिसर के भीतर ही फंस गईं। काफी देर तक चले इस तनावपूर्ण घटनाक्रम के बाद आयोजकों ने मौके पर पहुंचकर भुगतान का भरोसा दिया, तब कहीं जाकर गेट खोले जा सके और खिलाड़ी होटल के लिए रवाना हुए।इस पूरे विवाद पर खेल विभाग ने अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए खुद को आयोजन की व्यवस्थाओं से अलग बताया है। खेल विभाग की उपनिदेशक राशिका सिद्दीकी ने कहा कि विभाग की जिम्मेदारी केवल स्टेडियम उपलब्ध कराना है और आंतरिक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी की होती है। उन्होंने जानकारी दी कि 16 मार्च तक का भुगतान जमा था लेकिन आगामी मैचों के लिए 20 मार्च तक का किराया जमा होने के बाद ही अनुमति दी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि डीजी सेट में तेल न होने जैसी तकनीकी अव्यवस्थाएं आयोजन एजेंसी की लापरवाही का परिणाम थीं। विभाग का मुख्य उद्देश्य केवल खेलों को बढ़ावा देना है न कि निजी आयोजनों के प्रबंधन में हस्तक्षेप करना।वहीं लेजेंड्स लीग क्रिकेट के को–फाउंडर रमन रहेजा ने इस विवाद को कम्युनिकेशन गैप का नतीजा बताया है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसी का प्रभारी दिल्ली में होने के कारण समय पर समन्वय नहीं हो पाया जिससे भुगतान को लेकर भ्रम की स्थिति बनी। हालांकि बातचीत के बाद बाउंसर दोबारा ड्यूटी पर लौट आए हैं। रहेजा ने यह भी बताया कि क्षेत्र में आए तेज तूफान के कारण स्टेडियम में लगे कैमरों और अन्य उपकरणों को काफी नुकसान पहुंचा है जिसके चलते बुधवार दोपहर का मैच रद्द करना पड़ा। फिलहाल क्षतिग्रस्त उपकरणों की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है ताकि स्थिति को जल्द सामान्य किया जा सके।